उच्च शिक्षा में पाठ्यक्रमों को रोजगार उन्मुख बनाने के लिए भी एक सुझाव दिया हुआ है। विद्यार्थियों को सार्थक जीवन के लिए तैयार करने की दृष्टि से अधिकांश राज्यों में स्कूली पद्धति में कार्य अनुभव को लागू करने के सुझाव स्वीकार कर लिए हैं। अनेक राज्यों व उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण के कार्यक्रमों को स्वीकार कर लिया है तथा आरम्भ भी कर दिया है। तथापि, नीति प्रारुप को अन्तिम रूप देने के पश्चात् इन प्रस्तावों पर अधिक उत्साह से कारंवाई करने की आवश्यकता होगी।

मध्य प्रदेश में केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना

3223. श्री प्रताप भानु शर्मा: क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव को स्वीकृति कब तक दी जाएगी; और

(ग) इस विश्वविद्यालय के लिये राज्य के किस जिले का चयन किया गया है?

शिक्षा और स्वास्थ्य और समाज कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) जी, नहीं। (ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते।

आवास समस्या

3224. श्री प्रताप भानु शर्मा: क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान मध्यम तथा कम आय वर्ग के लोगों की आवास समस्या को हल करने के लिए भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन योजनाओं के लिए आगामी पांच वर्षों में कितनी राशि का नियतन किया गया है;

(ग) क्या सरकार राज्य स्तर के आवास निगमों अथवा प्राधिकरणों की स्थापना के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ताकि इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा सके; और

(घ) यदि हां, तो इस दिशा में अब तक कितनी प्रगति हुई है?

निर्माण और आवास मंत्री (श्री पी० सी० सेठी): (क) और (ख). पंचवर्षीय योजना (1978-83) का कार्य 1-4-1980 से बन्द हो गया है और नई पंचवर्षीय योजना (1980-85) इस समय बनाई जा रही है। इसके उद्देश्य, नीति, परिव्यय आदि पर अभी निर्णय लिया जाना है।

(ग) और (घ). इन योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य-स्तरीय आवास निगमों की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नही है।

Lay out Plans of Mandawali Fazalpur Delhi

3225. SHRI PHOOL CHAND VERMA: Will the Minister of WORKS AND HOUSING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the DDA have released the layout plan of Mandawali Fazalpur, its complex and have also invited objections/suggestions from the Registered Welfare Associations;

(b) if so, whether the objections/suggestions so far received by the prescribed date have been given due consideration and disputed items, if any, discussed with the representatives of the Registered Welfare Associations;

(c) whether the land earmarked for Registered Associations Community Centres, etc. have been protected by the DDA;

(d) whether it is a fact that the land owners have been served with notices to deposit development charges; and

(e) if so, how many persons have deposited the development charges and the time by which the Delhi Development Authority would develop the area?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING (SHRI P. C. SETHI): (a) These drafts layout plans have been published by the Delhi Development Authority inviting objections/suggestions from the public.

(b) No, Sir.

(c) Notices have been issued for unauthorised construction in Mandawali Fazalpur.